# राजकीय महिला महाविद्यालय
# लाखनमाजरा रोहतक
# वार्षिक–प्रतिवेदन
# 2019–2020

**11वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह**
**के शुभ अवसर पर**
**प्राचार्या मेजर (श्रीमती) सन्तोष धनखड़ द्वारा प्रस्तुत**

## महाविद्यालय की स्थापना:–

राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा का प्रथम सत्र 22 अगस्त 2008 को 61 छात्राओं से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, लाखनमाजरा के भवन में प्रारम्भ होकर वर्तमान में लगभग 889 छात्राओं के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जो ग्रामीण क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।

## विद्यार्थियों की संख्या एंव पाठ्य विषय :–

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एंव विज्ञान संकाय है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 889 छात्राओं ने प्रवेश लिया। बी०ए० प्रथम वर्ष में 282, बी०ए० द्वितीय वर्ष में 220, बी०ए० तृतीय वर्ष में 190 तथा बी० कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष में क्रमशः 19, 15 तथा 30 व बी०एस०सी० प्रथम वर्ष में 40, द्वितीय वर्ष में 46 तथा तृतीय वर्ष में 47 छात्राओं ने प्रवेश लिया। महाविद्यालय में हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, इतिहास, राजनीति शास्त्र, गृह विज्ञान, रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जैव विज्ञान व कम्पयूटर साईंस विषय सुचारू रूप से चल रहे है।

## महाविद्यालय परिवार :–

इस महाविद्यालय में कुल 39 प्राध्यापक नियमित व 3 अनुबंध आधार पर कार्यरत हैं। सभी प्राध्यापक कर्मठ, अनुभवी एवं अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। महाविद्यालय में एक लिपिक हैं। तीन लैब अटैन्डैन्ट हैं, जिनमें दो अनुबन्ध आधार पर कार्यरत हैं। चतुर्थ श्रेणी वर्ग के पदों पर एक चौकीदार नियमित व 6 कर्मचारी उपायुक्त दरों पर नियुक्त हैं।

## टयूटोरियल व मैन्टोर मैन्टी ग्रुपः-

महाविद्यालय की Senior Tutor व Mentor के रूप में श्रीमती अनिता अमानी हैं जो Tutorial और Mentor Groups का संचालन सुचारू रूप से कर रही है। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में 26 मैन्टोर मैन्टी ग्रुप है जिनके अन्तर्गत विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, नैतिक मूल्य, खेल कूद व चरित्र निर्माण आदि विषयों पर विस्तृत व्याख्यानों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

## सहायक जन सूचना अधिकारी :–

महाविद्यालय की रसायन विज्ञान प्राध्यापिका श्रीमती अनिता अमानी कुशलता पूर्वक सहायक जन सूचना अधिकारी का उतरदायित्व निभा रही हैं।

## महाविद्यालय वित्तानुदेशक :–

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ० सुरक्षा कुशलता पूर्वक पूर्ण निष्ठा एंव लगन से वित्तानुदेशक का कार्य कर रही है।

## अनुदान प्राप्तियॉः–

इस सत्र में महाविद्यालय को सरकार से निम्न अनुदान प्राप्त हुआ।

1. O.E Grant –170000/–रूपये
2. Placement Cell– 70,000/–रूपये
3. M & S Grant – 9,29,864/–रूपये

4. Sports– 1,00,000/–रूपये
5. Women Cell– 1,21,000/–रूपये
6. Earn-While You Learn- 70,000/– रूपये
7. Library- NIL
8. Cultural Activities- 30,000/– रूपये
9. Science Lab- 200000/– रूपये
10. Science Exhibition- 25,000/– रूपये
11. Electric Energy- 1,67,268/- रूपये
12. Computer Instructor and Attendant Salary Grant: 7,50,000/– रूपये
13. Tour Grant – 60,000

## छात्राओं के रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा संबंधी कार्य समिति:

महाविद्यालय के रजिस्ट्रार अरूण कुमार तथा कार्यालय सहायक अनिल कुमार तथा सदस्य डॉ. अनु, डॉ. दीपिका, सुश्री अनुराधा, पूजा, पूनम व सीमा कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर श्री प्रदीप कुमार तथा कार्यालय लैब सहायक श्री संदीप कुमार के सहयोग से वर्ष भर होने वाले विश्वविद्यालय संबंधी कार्यों का संचालन सफलतापूर्वक हो रहा है।

## बुनियादी ढांचा विकास और खरीद समिति:

महाविद्यालय में दो भवन हैं तथा विज्ञान भवन के लिए 12 कमरे बनाने के लिए विभाग को अनुग्रह भेजा गया है। जिसके लिए स्वीकृति पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग को मिल चुकी है।

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां:

श्री सुरेश महाविद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधि विभाग के प्रभारी तथा सदस्य डॉ नीलम, डॉ राकेश, श्री विनोद, श्रीमती कविता, सुश्री अनुराधा, श्री नविंद्र सिंह, सुश्री मनीषा, श्री बलराम व श्रीमती मनीषा हैं। सत्र के आरम्भ में ही महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें हिंदी, हरियाणवी, पंजाबी व अंग्रेजी कविता पाठ, गीत, नृत्य, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मॉडलिंग, कॉलाज मेकिंग, कार्टूनिंग इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## हिंदी साहित्य परिषद

हिंदी साहित्य परिषद की संयोजिका डॉ० नरेश कुमारी व सदस्य श्री बलराम व डॉ० पूनम रानी हैं। वर्तमान सत्र में इस परिषद के अंतर्गत दिनांक 14 सितंबर, 2019 को हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में कविता पाठ, भाषण व निबंध लेखन करवाया गया। 10 जनवरी, 2020 को विश्व हिंदी दिवस व 20 फरवरी, 2020 को मातृभाषा दिवस मनाया गया। 9 अक्टूबर, 2019 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया तथा समय-समय पर छात्राओं से कक्षा में समूह चर्चा, भाषण, विषय प्रस्तुती आदि गतिविधियां करवाई गई।

## मनोविज्ञान परिषद

मनोविज्ञान परिषद की प्रभारी डॉ०. प्रेम पूनम व सदस्य कुमारी भूमिका हैं। इस परिषद के अंतर्गत 'आत्मदाह रोकथाम व नारा लेखन' प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। सितंबर माह में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की दो छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 12 सितम्बर, 2019 को डॉ० दिनेश सिंह द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया व अक्टूबर माह में 'मेंटल हेल्थ व स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर चर्चा की गई। जुलाई माह में जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।

## वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ:

वर्तमान सत्र में वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक श्री विष्णुराम व सदस्य श्री अरुण, सुश्री सुनीता व श्रीमती अंजलि व श्रीमती सोनी हैं। महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा कविता पाठ, पेंटिंग, स्लोगन, लेखन व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## विज्ञान प्रदर्शनी:

विज्ञान परिषद के अंतर्गत जीव विज्ञान संकाय द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन सेमिनार में भाग लिया गया तथा छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया इसके अतिरिक्त वाद विवाद प्रतियोगिता भी जीव विज्ञान संकाय द्वारा कराया

गया। सुश्री सोनाली मलिक सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 12 छात्राओं ने भाग लिया। बीएससी तृतीय की छात्रा गरिमा ने प्रथम, नैंसी ने द्वितीय व बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वनस्पति विज्ञान संकाय ने अपनी छात्राओं को अपने अपने घरों में पौधे उगाने को कहा। छात्राओं ने इस अभियान में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने पौधों के बढ़ने के अलग-अलग चरणों में फोटो ली व सेमेस्टर के अंत में एक फोटोग्राफिक रिपोर्ट जमा कराई।

**भूगोल परिषद:**

भूगोल परिषद के प्रभारी श्री नविंद्र सिंह व सदस्य सुश्री अनुराधा, सुश्री पूजा, सुश्री मनीषा, सुश्री मोनिका व श्रीमती सुबोध है। भूगोल विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग व समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

**वाणिज्य परिषद:**

वाणिज्य परिषद की संयोजिका डॉ. सुरक्षा व सदस्य डॉ.दीपिका, डॉ. मीरा रहे हैं। इस परिषद के अंतर्गत विस्तृत व्याख्यान व कक्षीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**शैक्षणिक भ्रमण कमेटी**

शैक्षणिक भ्रमण कमेटी द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा की छात्राओं को वर्ष 2019-20 के अंतर्गत ऐतिहासिक स्थली कुरुक्षेत्र का भ्रमण करवाया गया| इस दौरान लगभग 100 छात्राओं ने कुरुक्षेत्र का भ्रमण किया|

**समाज विज्ञान परिषद**

समाज विज्ञान परिषद की प्रभारी श्रीमती मुकेश यादव व सदस्य डॉ० मेहर सिंह व सुश्री विनती हैं| 30 मई, 2019 को चार्ट मेकिंग, 10 अगस्त, 2019 को अंत:कक्षीय सेमिनार तथा 31 जनवरी, 2020 को

गांधी जी पर व्याख्यान व 10 फरवरी, 2020 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**महिला प्रकोष्ठ**

राजकीय महिला महाविद्‌यालय की महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ० प्रेम पूनम तथा सदस्यों में श्री सुरेश, डॉ० अनुराधा, डॉ० पूजा, डॉ० भूमिका व श्रीमती सीमा हैं। इस प्रकोष्ठ के अंतर्गत 13 अगस्त, 2019 को रंगोली, थाली सजाना, राखी बनाना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सितंबर माह में नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग तथा अक्टूबर माह में 1 से 7 अक्टूबर तक महात्मा गांधी की 150वीं सालगिरह पर फील्ड विजिट रैली, फिल्म दिखाना, विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। 16 अगस्त, 2019 को मेहंदी प्रतियोगिता ने कृषि विज्ञान केंद्र, रोहतक के सौजन्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। जनवरी माह में महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**यूथ रेड क्रॉस**

यूथ रेड क्रॉस की प्रभारी डॉ०. दीपिका कुमारी व सदस्य सुश्री भूमिका, श्रीमती मंजू छिक्कारा, श्रीमती सीमा व श्रीमती अंजलि के सहयोग से वर्षभर सक्रिय रहा। दिनांक 8 अगस्त, 2019 को 'कृमि मुक्ति दिवस' मनाया गया जिसमें लगभग 498 छात्राओं को दवाई दी गई। दिनांक 31 अगस्त, 2019 को वाईआरसी (YRC) स्वयं सेविकाओं के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम करवाया तथा दिनांक 27 सितंबर 2019 को महर्षि दयानंद विश्वविद्‌यालय, रोहतक में यूथ रेडक्रास समिति द्‌वारा राधाकृष्णन सभागार में 'महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्‌यालय से लगभग 15 वाईआरसी(YRC) स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया व दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 को एचआईवी/एड्स विषय पर जूलॉजी विभाग की

प्राध्यापिका श्रीमती मंजू छिक्कारा द्वारा जागरूकता व्याख्यान दिया गया।

**प्लेसमेंट सैल**

प्लेसमेंट सैल की संयोजिका डॉ० मीरा व सदस्यों में डॉ० पूनम, सोनी, श्रीमती मंजू छिक्कारा, श्रीमती हिना व अनुराधा हैं। गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न संकाय के 14 विद्यार्थियों ने 15 से 16 जुलाई, 2019 दो दिवसीय जॉब फेयर में भाग लिया। दिनांक 14 सितम्बर, 2019 को डॉ० दिलीप कौर के द्वारा 'संचार कौशल' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। दिनांक 20 सितम्बर, 2019 को डॉ०. कुलदीप छिक्कारा द्वारा 'कैरियर व चुनौतियां' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में चार दिवसीय कार्यशाला 14 से 18 अक्टूबर, 2019 तक का आयोजन किया गया। इसका विषय 'सॉफ्ट स्किलस रहा। दिनांक 21 से 24 जनवरी, 2020 को महाविद्यालय की छात्राओं ने पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में जॉब फेयर में भाग लिया।

**जीव विज्ञान विभाग**

इस विभाग की संयोजिका डॉ० मंजू छिक्कारा व सदस्य डॉ० प्रदीप जीव विज्ञान विभाग के अंतर्गत बी.एससी. मेडिकल सेकंड ईयर की छात्रा गरिमा ने यूनिवर्सिटी एग्जाम में 93.2 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। पूजा एवं एकता बी.एससी. थर्ड की छात्राओं ने महाविद्यालय स्तर की साइंस एग्जीबिशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया व महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें एकता, शीतल, पूजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**सड़क सुरक्षा परिषद एवं आपदा प्रबंधन कमेटी:**

सड़क सुरक्षा परिषद के प्रभारी श्रीमती कविता और सदस्य श्रीमती अंजू, श्री नवीन, श्री सुनील , सुश्री पूजा श्रीमती अंजलि रहे हैं। इस परिषद के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

**प्राथमिक चिकित्सा औषधालय**

इस समिति की प्रभारी डॉ॰. प्रवेश कुमारी व सदस्य श्रीमती सोनी के सहयोग से यह समिति वर्षभर सक्रिय रही|

**राष्ट्रीय सेवा योजना:**

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में एनएसएस की दो इकाइयां कार्यरत हैं। इकाई 1 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अलका तथा इकाई दो कि कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मोनिका कौशिक है ।सेवा योजना के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत व सात दिवसीय कैंप लगाया गया। जिसमें यूनिट 1 से 27 और यूनिट दो की 24 स्वयं सेविकाओं को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। स्वयं सेविकाओं ने साल भर करोना महामारी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाई।

**सीखो और कमाओ:**

इस कार्यक्रम की प्रभारी डॉ नीलम व सदस्य श्रीमती अंजू, डॉक्टर प्रवेश व डॉ अनु है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाई जा रही सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न विभागों में कार्य दिए गए। जिसमें छात्राओं ने पढ़ाई के साथ-साथ अनेक कार्य सुचारू रूप से किए।

**कंप्यूटर लैब:**

महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब सक्रिय है जिसकी प्रभारी श्रीमती अंजू कौशिक हैं। महाविद्यालय की लैब में 25 कंप्यूटर व 10 इंटरनेट कनेक्शन स्थापित हैं। कंप्यूटर लैब में एक कंप्यूटर अनुदेशक श्री प्रदीप जांगड़ा तथा

कंप्यूटर लैब सहायक श्री संदीप सिवाच कार्यरत है। इन सभी के सहयोग से लैब का कार्य कुशलता पूर्वक चल रहा है।

### यूजीसी एवं NAAC समिति:

इस समिति के प्रभारी श्री अनिल कौशिक व सदस्य डॉ. प्रवेश, श्रीमती सुबोध, श्रीमती हीना, श्री सुरेश, श्री नवींद्र व कुमारी भूमिका है । वर्तमान सत्र में समिति ने समय-समय पर इंस्पेक्शन संबंधी मीटिंग की व आने वाले NAAC सर्किल के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।

### भाषा प्रयोगशाला (अंग्रेजी):

महाविद्यालय में एक लैंग्वेज लैब सक्रिय है। वर्तमान सत्र में जिस के संयोजक श्री सुरेश कुमार है।

### बीएससी कंप्यूटर साइंस लैब:

महाविद्यालय में एक कंप्यूटर साइंस प्रयोगशाला है। जिसमें 16 कंप्यूटर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं । जिसकी संयोजिका श्रीमती अंजू कौशिक है।

### खेलकूद समिति

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय की खेलकूद समिति के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार व सदस्य डॉ० नरेश कुमारी, विष्णु राम, कुमारी मोनिका व कुमारी सुनीता हैं|

महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद एवं पुरस्कार वितरण समारोह 5-6 नवम्बर 2019 को आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर रेस ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट डिसकस थ्रो, जेवलिन थ्रो, थ्री legged रेस एवं chati रेस में भाग लिया। बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा रेनू ने सर्वाधिक अंक लेकर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने 22-24 फरवरी 2020 के दौरान राजकीय

महिला महाविद्यालय, रेवाड़ी में स्टेट लेवल इंटर कॉलेज कबड्डी (वीमेन) चैंपियनशिप में भाग लिया तथा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- श्रीमती अनीता अमानी, सहायक प्राध्यापिका, रसायन विभाग ने 30 मई ,2019 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालयरोहतक , द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में व दिनांक 8 नवंबर ,2019 को आईबी पीजी कॉलेज, पानीपत में राष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किए। दिनांक 17 व 18 जनवरी ,2020 को राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ० प्रवेश कुमारी ,सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग ने 20 जनवरी 2020 से 26 जनवरी ,2020 तक बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया व 13 नवंबर ,2019 को राजकीय महिला महाविद्यालय ,लाखन माजरा में आयोजित आयोजित एक दिवसीय वर्कशाप में भाग लिया।
- डॉ०. मीरा, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग ने पंजाब यूनिवर्सिटी एचआरडीसी(HRDC) चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 26 दिसम्बर ,2019 से 15 जनवरी 2020 तक के ओरियंटेशन कोर्स में भाग लिया।
- डॉ० नीलम, सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग ने 15 मई , 2019 से 4 जून ,2019 तक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय , रोहतकमें रिफ्रेशर कोर्स किया। इसके अलावा 20 फरवरी से 26 फरवरी ,2019 तक सात दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया।
- डॉ० प्रेम पूनम, सहायक प्राध्यापिका, मनोविज्ञान ने 17 अगस्त , 2019 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालयरोहतक , द्वारा

आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालयरोहतक , द्वारा ही आयोजित 4 से 8 नवंबर 2019 तक साप्ताहिक कार्यशाला में भाग लिया| दिनांक 17, 18 जनवरी 2020 को ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुत किया| 1 फरवरी ,2020 को राजकीय महाविद्यालय ,महम वह 10 फरवरी ,2020 को राजकीय महाविद्यालय, अलेवा में विस्तार व्याख्यान दिया|

- श्रीमती सुशीला, सहायक प्राध्यापिका, भूगोल ने दिनांक 18 दिसंबर ,2019 को लाल नाथ हिंदू कॉलेज, रोहतक में आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया तथा 17 व 18 जनवरी , 2020 को राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया|
- श्रीमती हिना, सहायक प्राध्यापिका, रसायन विज्ञान ने बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय, खानपुर में दिनांक 6 नवम्बर ,2019 से 20 नवम्बर ,2019 तक आयोजित पुनश्चर्या कोर्स में भाग लिया|
- श्रीमती मंजू छिक्कारा, सहायक प्राध्यापिका, जीव विज्ञान विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में श्रीमद्भगवद्गीता पर शोधपत्र- प्रस्तुत किया तथा 27 दिसंबर ,2019 कोइन्वायरमेंट' अवेयरनेस' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया |8 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेमीनार में पोस्टर प्रस्तुत किया|
- डॉ० प्रदीप कुमार सहायक प्राध्यापक जीव विज्ञान ने 10 व 11 अक्टूबर ,2019 को दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शोध-पत्र प्रस्तुत किया जिसमें इन्हें बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन का अवार्ड मिला |5 फरवरी ,2020 को जी.सी. फॉर वीमेनपंचकूला , में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया व डिवीजन

ट्रेनिंग सेंटर ऑफ एच.आई.पी.ए. रोहतक में आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लिया।

- कुमारी अनुराधा ,सहायक प्राध्यापिका, भूगोल विभाग ने 10 अक्टूबर ,2019 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालयरोहतक , में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार व 7 ,8 नवंबर ,2019 को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। 13 नवंबर, 2019 को एक दिवसीय वर्कशॉप में हिस्सा लिया तथा 5 से 7 दिसंबर, 2019 को चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया 6 । जनवरी ,2020 से 27 जनवरी 2020 तक आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया।